भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

**सं.आईसीएमआर/आरएंडपीसेल/तकनीकी मूल्यांकन/2026** **दिनांक: 28 जुलाई, 2026**

# कार्यालय ज्ञापन

**विषय: आईआरएआरएस-2017 के अंतर्गत वर्ष 2026 के लिए वेतन स्तर-12 एवं स्तर-13 में मूल्यांकन पदोन्नति - के संबंध में।**

परिषद के दिनांक 09.07.2026 के समसंख्यक पत्र की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसके माध्यम से आईसीएमआर के तकनीकी संवर्ग समेकित भर्ती एवं मूल्यांकन नियमावली (आईआरएआरएस), 2017 के अंतर्गत 01.04.2026 को वेतन स्तर-12 एवं स्तर-13 में मूल्यांकन पदोन्नति हेतु पात्रता रखने वाले परिषद मुख्यालय/संस्थानों/केंद्रों के तकनीकी अधिकारियों की जानकारी मांगी गई हैं।

2. यह देखा गया है कि आईसीएमआर के कुछ संस्थानों/केंद्रों से अपेक्षित दस्तावेज़ों सहित जानकारी अभी भी प्राप्त नहीं हुई है। अतः वे संस्थान/केंद्र, जिन्होंने पात्र तकनीकी अधिकारियों के संबंध में अपेक्षित विवरण एवं दस्तावेज़ अभी तक प्रस्तुत नहीं किए हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे उक्त विवरण एवं दस्तावेज़ 05.08.2026 से पूर्व बिना किसी विलंब के प्रस्तुत करें। दस्तावेज़ों की हार्ड कॉपी भी सहायक महानिदेशक (भर्ती), आईसीएमआर, नई दिल्ली को प्रेषित की जाएं।

3. यदि संस्थानों/केंद्रों में मूल्यांकन पदोन्नति हेतु पात्रता का कोई मामला नहीं है, तो रिपोर्ट में 'शून्य' प्रस्तुत किया जाए।

4. नियत तारीख अर्थात् 05.08.2026 के पश्चात प्राप्त होने वाली जानकारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**-हस्त-**
**(रीमा शर्मा)**
**सहायक महानिदेशक (भर्ती)**

**प्रतिलिपि:–**

1. परिषद के महानिदेशक/अपर महानिदेशक(इंट्रांम्यूरल/एक्सट्राम्यूरल,वरिष्ठ उप महानिदेशक (प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार, के निजी सचिव।
2. सभी प्रभाग-प्रमुख, उप महानिदेशक (प्रशा.)/अपर महानिदेशक(प्रशा.),परिषद मुख्यालय।
3. परिषद के सभी संस्थानों/केंद्रों के निदेशक/ निदेशक-प्रभारी।
4. वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी, स्थापना अनुभाग, परिषद मुख्यालय।
5. डॉ. मंजीत सिंह चालगा, वैज्ञानिक-ई – आईसीएमआर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध।